सवेरा कार्यक्रम

चर्चा में क्यों ?

हाल ही में हरयिाणा के मुख्यमंत्री ने **सवेरा कार्यक्रम** का उद्घाटन कयिा, जसिका उद्देश्य **स्तन कैंसर** की शीघ्र पहचान और रोकथाम करना है। इसकी शुरुआत मेदांता फाउंडेशन ने गुड़गाँव में स्वास्थ्य वभिाग के सहयोग से की थी।

मुख्य बदिु:

- इस योजना के तहत दृष्टबिाधति लोग [स्तन कैंसर](#) **की जाँच करेंगे क्योंक‍ि उनमें प्राकृतकि स्पर्श संवेदनशीलता** होती है।
- इस क्षमता के महत्त्व को चकित्सा जगत से जुड़े लोगों ने समझा, परखा और उपयोग कयिा है।**दृष्टबिाधति व्यक्ति आधा सेंटीमीटर तक स्तन कैंसर का पता लगा सकते हैं, जबक‍ि एक सामान्य डॉक्टर जाँच के बाद एक सेंटीमीटर तक** इसका पता लगा सकता है।
    - अपने **प्रारंभकि चरण** में कार्यक्रम सेक्टर 10 के **सविलि अस्पताल, सेक्टर 31 के पॉलीक्लनिकि और वज़ीराबाद** के पीएचसी में लॉन्च कयिा जाएगा।
- CM के अनुसार देशभर में रोजाना करीब 90,000 महलिाएँ स्तन कैंसर के कारण अपनी जान गँवाती हैं।
    - उन्होंने **झज्जर ज़लि में एम्स में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान** की स्थापना का भी उल्लेख कयिा, जो 1,000 बेड से सुसज्जति है।

कैंसर

- **परचिय:**
    - यह एक जटलि और व्यापक शब्द है जसिका उपयोग **शरीर में असामान्य कोशकिाओं की अनयिंत्रति वृद्धि तथा प्रसार से होने वाली बीमारयिों के एक समूह** का वर्णन करने के लयि कयिा जाता है।
        - ये **असामान्य कोशकिाएँ, जन्हिें कैंसर कोशकिाएँ कहा जाता है, स्वस्थ ऊतकों और अंगों पर आक्रमण करने तथा उन्हें नष्ट करने में सक्षम** होती हैं।
    - एक स्वस्थ शरीर में कोशकिाएँ वनियिमति तरीके से वकिसति होती हैं, वभिाजति होती हैं और नष्ट हो जाती हैं, जसिसे ऊतकों तथा अंगों के सामान्य संचालन की अनुमत‍ि मलिती है।
        - हालाँक‍ि कैंसर के मामले में **कुछ आनुवंशकि उत्परविर्तन या असामान्यताएँ इस सामान्य कोशकिा चक्र को बाधति करती हैं** , जसिसे कोशकिाएँ वभिाजति होती हैं और अनयिंत्रति रूप से बढ़ती हैं।
- **स्तन कैंसर**
    - यह एक ऐसा रोग है जसिमें **असामान्य स्तन कोशकिाएँ नयिंत्रण से बाहर हो जाती हैं और ट्यूमर** का रूप ले लेती हैं। यद‍ि ध्यान न दयिा जाए तो ट्यूमर पूरे शरीर में फैल सकता है और घातक हो सकता है।
        - स्तन कैंसर कोशकिाएँ **दूध नलकिाओं और/या स्तन के दूध उत्पन्न करने वाले लोबूल के अंदर शुरू होती हैं।**
        - प्रारंभकि रूप (स्वस्थानी) जीवन के लयि खतरा नहीं है। कैंसर कोशकिाएँ आस-पास के स्तन ऊतकों में फैल सकती हैं। इससे ट्यूमर बनता है जो गाँठ या मोटा होने का कारण बनता है।
        - आक्रामक कैंसर आस-पास के लमि्फ नोड्स या अन्य अंगों (मेटास्टेससि) में फैल सकता है। मेटास्टेससि घातक हो सकता है.
    - **उपचार-** व्यक्त‍ि, कैंसर के प्रकार और उसके फैलाव पर आधारति होता है। उपचार में सर्जरी, वकिरिण चकित्सा एवं दवाएँ शामलि हैं।

सर्वाइकल कैंसर

- **सर्वाइकल कैंसर** महलिा के **गर्भाशय ग्रीवा (योन‍ि से गर्भाशय का प्रवेश द्वार)** में वकिसति होता है।
- सर्वाइकल कैंसर के लगभग सभी मामले (99%) उच्च जोखमि वाले **ह्यूमन पैपलिोमावायरस (HPV)** संक्रमण से संबंधति होते हैं जो यौन संपर्क के माध्यम से संचरति सबसे सामान्य वषिाणु है।
    - दो HPV प्रकार (16 और 18) **उच्च जोखमि वाले लगभग 50% सर्वाइकल प्री-कैंसर** का कारण बनते हैं।
- **वैश्वकि स्तर पर महलिाओं में सर्वाइकल कैंसर चौथा सबसे सामान्य कैंसर है** । वर्ष 2020 में विश्व भर में सर्वाइकल कैंसर के लगभग 90% नए मामले तथा मौतें नम्नि और मध्यम आय वाले देशों में हुईं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-savera-programme